सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2021

26 अक्टूबर, 2021 से 1 नवम्बर, 2021

वन उत्पादकता संस्थान, रांची में 26 अक्टूबर, 2021 से 1 नवम्बर, 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह की शुरूआत 26 अक्टूबर को संस्थान के निदेशक डॉ0 नितिन कुलकर्णी के द्वारा संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यकलापों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ दिलाकर की गई ।

इस वर्ष के सतर्कता सप्ताह के विषय " स्वतंत्र भारत / 75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता " के अन्तर्गत संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें संस्थान के विद्यार्थियों, कर्मचारियों, अधिकारियों ने एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। संस्थान में चित्रांकन द्वारा भ्रष्टाचार के विभिन्न आयामों को दर्शाने के अलावा क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

दिनांक 01.11.2021 को संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ0 अनिमेष सिन्हा ने विश्व तथा भारत में भ्रष्टाचार के आंकडों को दर्शाते हुए उनसे उन्मूलन के प्रयासों की जानकारी दी साथ ही भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सभी को महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का अनुरोध किये।

वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डॉ0 नितिन कुलकर्णी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भ्रष्टाचार मुक्त जीवन की राह पर चलने की सलाह दी साथ ही विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भागीदारी एवं सफलताओं पर बधाई दी। जीवन में अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाने पर भी बल दिया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में संस्थान के निदेशक द्वारा विजेताओं को पुरूस्कार एवं प्रसस्ती पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम् भूमिका निभायी।

प्रतियोगिता का परिणाम इस प्राकार है

चित्रकला प्रतियोगिता "जूनीयर वर्ग"

प्रथम पुरस्कार: सुश्री स्नेहा कुमारी,

द्वितिय पुरस्कार: मास्टर अग्नि शाहा एवं

तृतीय पुरस्कार: सुश्री खुशी कुमारी ।

चित्रकला प्रतियोगिता "सीनीयर वर्ग"

प्रथम पुरस्कार: प्रकृति रानी,

द्वितिय: श्रीमती एरम एहसान, एवं

तृतीय पुरस्कार : सुश्री स्तुति रानी ।

क्विज प्रतियोगिता विजेता:

श्री लक्ष्मण चंद्र दास, **सुश्री** जस्सी शर्मा, **सुश्री** मीनाक्षी कुमारी, श्री अभिमन्यु कुमार, श्री रुद्र प्रसाद मिश्रा, श्री आशीष रंजन ।

क्विज प्रतियोगिता उपविजेता: श्री राकेश कुमार सिन्हा, श्री वेद प्रकाश दुबे, श्री आयुष्मान मालाकार, श्री सोमनाथ सिंह मुंडा, श्री उमेश कुमार यादव एवं सुश्री रूनम कुमारी ।

शपथ ग्रहण समारोह

निर्णायक मण्डली द्वारा चित्रों का मूल्यांकन

क्विज प्रतियोगिता के संचालकगन के समक्ष लॉटरी द्वारा ग्रूप विभाजन कि प्रक्रिया

प्रतिभागियों की चित्र प्रदर्शन

क्विज प्रतियोगिता के विजेता

क्विज प्रतियोगिता के उप- विजेता

समापन समारोह की तस्वीरें

वन उत्पादकता संस्थान, रांची द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 के अवलोकन पर मीडिया कवरेज

रांची, बुधवार
03.11.2021
प्रभात खबर
prabhatkhabar.com

कार्य में पारदर्शिता बनाये रखने की शपथ

पिस्कानगड़ी. वन उत्पादकता संस्थान लालगुटवा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन पर निदेशक डॉ नितिन कुलकर्णी ने अधिकारियों-कर्मचारियों व विद्यार्थियों को कार्यों में ईमानदारी व पारदर्शिता बनाये रखने की शपथ दिलायी. साथ ही संस्थान में आयोजित चित्रकला, भाषण सहित अन्य प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. कहा कि अनुशासन व पारदर्शिता जीवन को आगे बढ़ाने में मदद करेगी. मौके पर डॉ अनिमेष सिन्हा, डॉ शरद तिवारी, डॉ एसएन मिश्रा, रूबी कुजूर, संजीव कुमार, सुभाष चंद्र सोनकर, अंशुमन दास, डॉ ब्लेसिंग, सुजीत बनर्जी, सूरज कुमार, बसंत कुमार सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे.

भ्रष्टाचार रोकने के लिए सबकी भूमिका जरूरी

रांची. वन उत्पादकता संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया. संस्थान के निदेशक डॉ नितिन कुलकर्णी ने इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. चित्रकला प्रतियोगिता में स्नेहा कुमारी, अग्रिम शाहा, खुशी कुमारी को पुरस्कृत किया गया. सीनियर वर्ग में प्रकृति रानी, एम एहसान, स्तुति रानी को पुरस्कार मिला. क्विज में लक्ष्मण चंद्रा, जस्सी शर्मा, मीनाक्षी कुमारी, अभिमन्यु कुमार, रुद्र प्रसाद मिश्रा व आशाषी रंजन को पुरस्कृत किया गया. समापन समारोह में संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ अनिमेष सिन्हा ने विश्व तथा भारत में भ्रष्टाचार के आंकड़ों को दर्शाते हुए उनके उन्मूलन के प्रयासों की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार रोकने के लिए सबकी भूमिका महत्वपूर्ण है. निदेशक डॉ कुलकर्णी ने विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार मुक्त जीवन की राह पर चलने की सलाह दी. मौके पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ शरद तिवारी, संजीव कुमार, डॉ एसएन मिश्रा, रूबी कुजूर, सुभाष चंद्र सोनकर आदि मौजूद थे.

....